# कार्यालय
# निदेशक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाये,
# उत्तराखण्ड,

पो0ओ0 गुजराडा, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून–248001, उत्तराखण्ड।
E-Mail- mail@uttarakhandayurved.co.in

## अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के आयोजन हेतु टैन्ट इत्यादि ई–निविदा प्रपत्र

| निविदा शुल्क | **5000.00** |
|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या :– 770 / जी–319 / 2026 | दिनांक– 28.04.2026 समय 5:00 बजे से |
| 2 | निविदा वेबसाइट Uktenders.gov.in पर उपलब्ध रहने की तिथि | दिनांक 28.04.2026 से दिनांक 12.05.2026 साय 05:00 बजे तक |
| 3 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | दिनांक : 13.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे से |
| 4 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | तकनीकी बिड के उपरान्त निर्धारित की जायेगी। |
| 5 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान– | आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, निदेशालय डांडा लखोण्ड, सहस्त्र धारा रोड़, देहरादून |
| 6 | प्रि–बिड मीटिंग | दिनांक 04.05.2026 को 3:00 बजे |
| 7 | ऑन लानइ निविदा भरने की तिथि | दिनांक 06.05.2026 |
| 8 | प्रि–बिड मीटिंग का स्थान | कार्यालय आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, डांडा लखोण्ड, सहस्त्र धारा रोड़, देहरादून |
| 9 | फर्म का नाम व पता– | |
| 10 | फर्म का जी.एस.टी. पंजीयन संख्याः | |
| 11 | फर्म का आयकर PAN– | |
| 12 | धरोहर राशि की धनराशि | |
| 13 | निविदा शुल्क हेतु बैंक ड्रफ्ट का पूर्ण विवरण | |

2. धरोहर राशि का विवरण–

| बैंक का नाम | F.D.R संख्या | दिनांक | धनराशि |
|---|---|---|---|
| | | | |

निविदादाता फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
प्रतिनिधि का नाम......................................................
दूरभाष संख्या .....................................................
मोबाईल नम्बरः .....................................................

# <u>अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के आयोजन हेतु</u>
# <u>ई–निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते</u>

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आयुष मंत्रालय भारत सरकार तथा सचिव आयुष एवं आयुष शिक्षा उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त निर्देशों के क्रम में 12 वें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाना हैं जिस हेतु आयोजन स्थल की ब्राडिंग, साज–सज्जा, मंच एवं आयोजन की अन्य व्यवस्थायें की जानी है जिस हेतु दिनांक 28.04.2026 को सायः 5 बजे से ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा की शर्ते निम्नवत हैं–

01 वित्तीय निविदा में समस्त सामग्री एवं कार्यो की दरों केअनुसार नोटिस में क्रमांक संख्या 01 से 36 तक उल्लिखित सभी सामग्री एवं कार्य के दरों का कुल योग (दर X मात्रा = कुल योग) में जिसका योग सबसे कम होगा उसी को L1 घोषित किया जायेगा अतः निविदा में प्रतिभाग करनें वाली सभी फर्म को नोटिस के क्रमांक संख्या 01 से 36 तक उल्लिखित सभी सामग्री एवं कार्यो की प्रति यूनिट दरें अनिवार्य रूप से भरनी होगी। जिस फर्म के द्वारा निविदा नोटिस में उल्लिखित क्रमांक संख्या 01 से 36 तक सभी सामग्री की दरें नही भरी होंगी उसे तकनीकी निविदा में अर्ह नही माना जायेगा।

02 सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता फर्म द्वारा पांडाल एवं समस्त व्यवस्थायें अनिवार्य रुप से दिनांक 19.06.2026 सायं 4:00 बजे तक पूर्ण करते हुये नोडल अधिकारी/उच्च स्तरीय अधिकारियों को निरीक्षण कराया जायेगा।

03 निविदायें दिनांक 28.04.2026 समय सायं 5:00 बजे से दिनांक 12.05.2026 साय 5:00 बजे तक उत्तराखण्ड सरकार की वेबसाइट **https:// uktenders.gov.in** पर केवल ऑनलाईन ही भरी जा सकती है। ऑनलाईन बिड भरने हेतु फर्मो को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किये गये DSC (digital signature certificate) की आवश्यकता होगी।

04 ऑफ लाईन बिड स्वीकार नही की जायेंगी।

05 <u>धरोहर धनराशि उपलब्ध करानें की तिथि/समय</u>– धरोहर धनराशि रू0 150000 की एफ0डी0आर0 किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, उत्तराखण्ड, देहरादून के नाम बन्धक होगी जिसे तकनीकि बिड खोलने की तिथि से पूर्व ( किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक ) मूल रुप में निदेशालय, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में जमा करनी होगी। जिसमें किसी प्रकार की छूट देय नहीं होगी। धरोहर धनराशि निविदा ,खोलने की तिथि से कम से कम 03 माह के लिये वैध होनी चाहिए। जिसे सफल निविदादाता के कार्यपूर्ति प्रतिभूति में समायोजित किया जा सकता है।<u>धरोहर धनराशि के अभाव में निविदा स्वीकार नही की जायेगी</u>।

06 कार्य आवंटन किये जाने से पूर्व फर्म को रू0–100 के स्टम्प पेपर पर अनुबन्ध हस्ताक्षरित करनें के साथ आपूर्ति आदेश का 8 प्रतिशत धनराशि कार्यपूर्ति प्रतिभूति के रूप में निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें उत्तराखण्ड, देहरादून के नाम जमा करानी होगी।

07 <u>चैक लिस्ट</u> निविदा को ऑन लाईन बिड भरते समय संलग्नक "क" पर उपलब्ध चैक लिस्ट के अनुसार प्रपत्रों की स्कैन की हुई प्रतियां ऑन लाईन अपलोड करनी होंगी। समिति के सम्मुख केवल निविदादाता द्वारा स्कैन की हुई प्रतियां/ऑन लाईन प्रपत्रों को ही प्रस्तुत किया जायेगा। निविदा से सम्बन्धित सभी प्रपत्रों में इन्डेक्स पृष्ठ संख्या अनिवार्य रुप में अंकित की जायेगी।

08 निविदादाता को बिड भरते हुये संलग्नक "क" पर उल्लिखित प्रमाण–पत्रों की स्कैन कॉपी अपलोड करने के अतिरिक्त एक सैट मूल रुप में धरोहर धनराशि के साथ एक शील्ड लिफाफे में तकनीकि बिड खोलने की तिथि से पूर्व ( किसी भी कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक ) तक अनिवार्य रुप से निदेशालय, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, उत्तराखण्ड देहरादून के कार्यालय में जमा करनी होगी।

09 तकनीकी निविदा दो चरणों में सम्पन्न की जायेगी जिसमें प्रथम चरण में प्रपत्रों की जॉच होगी और प्रथम चरण में सफल फर्मो का द्वितीय चरण में प्रजेनटेशन कराया जायेगा। दोनो ही चरणों में सफल फर्म को तकनीकी निविदा में अर्ह घोषित किया जायेगा। तकनीकी निविदा में अर्ह फर्मो की ही वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

10 निविदा में निर्धारित तिथियों में यदि कोई सार्वजनिक अवकाश घोषित होता है तो उसके अगले कार्यदिवस को निविदायें जमा की जा सकती है।

11 कार्यालय आदेशानुसार दिंनाक 21 जून 2026 को प्रातः आयोजित होने वाले योग दिवस के आयोजन हेतु यथास्थान (चयनित होन के उपरान्त अवगत करा दिया जायेगा) में आपूर्तिकर्ता द्वारा समस्त सामग्री पहुंचानी/समस्त व्यवस्था करनी होगी।

12 सामग्री/सेवायें उच्च गुणवत्ता मानक के अनुसार न होने पर वापस कर दी जायेगी। तथा कार्यदायी संस्था द्वारा निर्धारित समयान्तर्गत उच्च गुणवत्ता युक्त सामग्री/सेवायें उपलब्ध करानी होगी। अधोमानक सामग्री/सेवायें आपूर्ति करनें अथवा कार्य में शिथिलता बरतने व कार्यादेश में वर्णित निर्देशानुसार कार्य न होने पर सम्बन्धित आपूर्तिकर्ता फर्म की धरोहर धनराशि को जब्त करते हुए कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्ट करनें की कार्यवाही की जायेगी।

13 सशर्त निविदा स्वीकार नही की जायेगी।

14 दिनांक 21 जून 2026 को प्रातः योग दिवस का राज्य स्तरीय योग कार्यशाला के आयोजन हेतु दिनांक 07.05.2026 को 3:00 बजे प्रि–बिड मिंटिग (आयुर्वेदिक एवं यूनानी निदेशालय सहस्त्रधारा रोड नियर आई0टी0 पार्क में) निर्धारित की गयी है।

15 अन्य जानकारियां प्रतिभागियों को बैठक में उपलब्ध करायी जायेगी। अतः सभी प्रतिभागियों के द्वारा उक्त बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग किया जायेगा।

16 निविदादाताओं को वाणिज्यकर एवं आयकर सम्बन्धी निम्न अभिलेख संलग्न करनाअनिवार्य होगा–

I- फर्म के नाम का आयकर विभाग का PAN नम्बर तथा विगत तीन वर्षो का आयकर रिर्टन की छाया प्रति।

II- वाणिज्यकर विभाग द्वारा फर्म के नाम जारी GST नम्बर की छायाप्रति तथा फर्म का वर्ष 2025–26 का जी0एस0टी0 क्लीयरेंश प्रमाणपत्र/जी0एस0टी0 3बी विगत तीन माह का संलग्न करना अनिवार्य होगा।

III- फर्म के विगत तीन वर्षों का औषतन टर्न ओवर रू0 90,00,000.00 प्रति वर्ष (रू0 नब्बे लाख़ ) मात्र का प्रमाण पत्र (तीनों वर्षो का विवरण एक प्रति/पेपर में ही) चार्टेड एकाउंटेंट द्वारा सत्यापित कराकर उसकी मूल प्रति संलग्न करनी होगी।

IV- योग दिवस हेतु अनुमानित सामग्री/सेवायें संलग्न 'घ' प्रारूप पर दी गयी है, किन्तु BOQ में प्रत्येक सामग्री प्रति नग के अनुसार भरी जायेगी।

V- उक्त के अतिरिक्त चैक लिस्ट के क्रमांक 01 एवं 14 पर अंकित समस्त प्रमाण पत्र संलग्न किये जाने आवश्यक होंगे।

17 निविदादाताओं द्वारा निविदा दरों की वैधता/बाजार मूल्य के अनुसार न्यूनतम दरें होने के सम्बन्ध में रू0 100/– का नान ज्यूडिसियल स्टांप पर शपथपत्र प्रस्तुत करना होगा।

18 फर्म किसी विभाग/शासन द्वारा ब्लैक लिस्टेड नही होने का नोटरी द्वारा सत्यापितप्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा ।

19 फर्म के पास आई0एस0ओ0 45001 सम्बन्धी वैध प्रमाण पत्र होना चाहिए।

20 दिंनाक 21 जून 2026 को आयोजित योग शिविर हेतु निविदा प्रपत्र में उल्लिखित विशिष्टियों/संख्या के आधार पर दरें दी जानी हैं जिसमें समस्त व्यय सम्मलित होगें।

21 वित्तीय निविदा **BOQ** में कार्यदायी संस्था द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का मूल्य/किराया, प्रति नग के आधार पर भरा जायेगा (उदाहरण हेतु समस्त सामग्री/कार्यो की दरें भरी जायेगी एवं पण्डाल की दर भी प्रति वर्गफुट की दर से भरी जायेगा)

22 किसी भी विवाद में निदेशक आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें,उत्तराखण्ड का निर्णय अन्तिम व मान्य होगा।

23 आपूर्ति अनुबन्ध, अनुबन्ध की तिथि से एक वित्तीय वर्ष के लिए मान्य होगा किन्तु आपूर्ति सन्तोषजनक रहने पर यदि आवश्यक हुआ तो अनुबन्ध की अवधि बढ़ायी जा सकती है।

24 आपूर्ति प्रस्तावित निर्धारित स्थान तक पहुंचाने एवं सम्पूर्ण आयोजन का दायित्व सम्बन्धित फर्म का होगा।

25 निविदा बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त करने का अधिकार विभागाध्यक्ष में निहित होगा ।

26 फर्म को न्यूनतम 5 राज्यस्तरीय कार्यक्रमों में इवेन्ट मैनेजर/सामग्री आपूर्तिकर्ता (जिसमें जर्मन हैंगर/पांडाल/टेंट एवं मुख्य स्टेज के निर्माण व कार्यक्रम प्रबन्धन सम्बन्धी विभिन्न व्यवस्थायें अनिवार्य रुप से सम्मिलित हों) के रूप में कार्य करने का अनुभव होने का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

27 आदेश निर्गत होने के उपरान्त प्राप्त आदेशानुसार समस्त व्यवस्थायें निर्धारित समय में अनिवार्य रुप से पूर्ण करनी होंगी व कार्यपूर्ति हेतु किसी भी प्रकार की समय वृद्धि प्रदान नहीं की जायेगी।

28 मुख्य स्टेज की समस्त व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में समय–समय पर उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार कार्य करना होगा।

29 कार्य स्थल पर विभिन्न क्रियाकलापों के सम्पादन हेतु आवश्यक संख्या में मानव संसाधन/लेवर इत्यादि की व्यवस्था चयनित आपूर्तिकर्ता को करनी होंगी व विभाग द्वारा कोई भी विभागीय मानव संसाधन उपलब्ध नहीं कराये जायेगे और आपूर्तिकर्ता द्वारा नियोजित मानव संसाधन हेतु भी कोई अतिरिक्त धनराशि देय नहीं होगी।

30 अस्थायी शौचालय/यूरिनल महिला एवं पुरूष अलग–अलग निर्देशानुसार तैयार करने होंगे।

31 सम्बन्धित फर्म द्वारा किये गये कार्यो की पुष्टि विभागीय समिति द्वारा की जायेगी जिसके उपरान्त ही संतोषजनक रूप से किये गये कार्यो/निर्धारित संख्या में की गयीआपूर्ति/व्यवस्था का भुगतान किया जायेगा।

32 चूकि कार्य स्थल का निर्धारण वर्तमान नोटिस में नहीं किया गया है व कार्यस्थल की जानकारी कार्यादेश में ही प्रदान की जायेगी ।

33 E-Tender Notice में उल्लिखित कार्य में से कियी भी कार्य/सामग्री को आवश्यतानुसार विलोपित किया जा सकता है तथा सामग्री/सेवा आवश्यकता के अनुसार घट–बढ सकती है।

34 आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्थायें दिनांक 19 जून 2026 सांय 04 बजे तक पूर्ण कर ली जायेगी तथा 20 जून को कार्यक्रम का ड्राई–रन/मॉकड्रिल किया जायेगा।

RAVINDRA PRATAP SINGH

Digitally signed by RAVINDRA PRATAP SINGH
Date: 2026.04.28 15:04:26 +05'30'

( डॉ0 आर0 पी0 सिंह )
संयुक्त निदेशक,
आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

## निदेशक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवाये,उत्तराखण्ड,
## प्रपत्र (क)–चैक लिस्ट

मैसर्स ..................................................................................................................................................

फर्म का नाम व पता :–..................................................................................................................................

...........................................................................................................................................................

| क्र0 सं0 | निविदा प्रपत्र तथा निम्नानुसार प्रपत्रों को अपलोड किया जाना अनिवार्य है। | पृष्ठ संख्या.......से. .........तक |
|---|---|---|
| 1 | धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 | |
| 2 | पैन कार्ड की छायाप्रति। | |
| 3 | विगत तीन वर्षो का आयकर रिर्टन की छाया प्रति। | |
| 4 | जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति। | |
| 5 | वर्ष 2025–26 के जी.एस.टी. कीलिरिएंश प्रमाण पत्र/3बी की छायाप्रति। | |
| 6 | विगत तीन वर्षों का टर्न ओवर रू0 90,00,000.00 प्रति वर्ष सी0ए0 द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र। | |
| 7 | निविदा दरों की वैधता/बाजार मूल्य के अनुसार न्यूनतम दरें होने के सम्बन्ध में रू0 100/– का नान ज्यूडिसियल स्टांप | |
| 8 | फर्म किसी किसी भी राज्य में (विभाग/शासन द्वारा) ब्लैक लिस्टेड नही होने का नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र की छायाप्रति। | |
| 9 | पैन कार्ड की छायाप्रति। | |
| 10 | राज्य स्तरीय कार्यक्रम में पांडाल/टैंट लगाये जाने का अनुभव प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति। | |
| 11 | अन्य राजकीय विभागों में विगत तीन वर्ष में की गयी आपूर्ति के आदेशो की प्रति। | |
| 12 | सामग्री की आपूर्ति, निर्धारित समयान्तर्गत आपूर्ति न करनें पर जमा धरोहर धनराशि जब्त करनें व फर्म को ब्लैक लिस्टिड करने हेतु सहमति पत्र (संलग्नक "ख" के अनुसार नोटरी द्वारा प्रमाणित रू0 100/– स्टाम्प पेपर पर सहमति प्रपत्र पर) | |
| 13 | आई0एस0ओ0 45001 | |
| 14 | निविदा शुल्क का बैंक ड्राफ्ट। | |
| | | |
| | | |

निविदादाता फर्म के प्रतिनिधि के हस्ताक्षर

संलग्नक–"ख"

(रू0–100.00 नान ज्यूडिसियल स्टांप पर)

सेवामें

निदेशक
आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें
उत्तराखण्ड देहरादून

महोदय

आपके कार्यालय के विज्ञापन दिंनाक..............................जो दिनांक 21 जून, 2026 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय योग दिवस के आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में है। उक्त निविदा में सभी नियम व शर्ते (पृष्ठ संख्या 01 से 4 तक ) शर्तें मैने पढ ली हैं। निविदा में उल्लिखित सभी नियम/शर्तो के अनुपालन करते हुये मैं दिनांक 21 जून, 2026 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर देहरादून अथवा निर्दिष्ट स्थल पर राज्य स्तरीय योग दिवस के आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था करने हेतु सहमति प्रदान करता हॅू।

2– आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्थायें दिनांक 19 जून 2026 सांय 04 बजे तक पूर्ण कर ली जायेगी तथा विभाग द्वारा अधिकृत नोडल अधिकारी/उच्च अधिकारियों को उक्त तिथि को 04:00 बजे तक निरीक्षण करा लिया जायेगा।

3–सहमति की दशा में धरोहर धनराशि रू0 150,000.00 (रुपये एक लाख पचास हजार मात्र) की एफ0डी0आर0 संख्या......... .....................दिंनाक ..................................... बैंक.......................................................................संलग्न है। यदि निविदा की शर्तों का पालन नही करते हैं तो धरोहर धनराशि उत्तराखण्ड सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जाय तथा फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही/कोई भी कानूनी कार्यवाही किये जाने के लिये विभाग स्वतंत्र होगा हमें इस पर कोई आपत्ति नहीं होगी।

दिनांक–

स्थान–

हस्ताक्षरकर्ता

अधिकृत प्रतिनिधि का नाम

फर्म का नाम

# Office of the Director, Ayurvedic & Unani Services Uttarakhand, Danda Lakhound, Sahastradhara Road, P.O. Gujrada, Dehradun, Uttarakhand.

Bid Ref. No: 770/ G-319/2026-27 Dated: 28 May, 2026

# E-Tender Notice

## (दिनांक 21 जून 2026 को योग दिवस के आयोजन हेतु वांछित सामग्री का विवरण)

दिनांक 21 जून, 2026 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ........................................................ में राज्य स्तरीय योग दिवस के आयोजन की सम्पूर्ण व्यवस्था किये जाने हेतु अधिकृत व्यवस्थापकों से ई–टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दाता द्वारा निम्नानुसार कार्य सम्पादित किये जायेंगे।

| S. N. | Detail | Quantity Approx (Actual Quantity may vary) | Rate Per Unit (with tax) | Amount (with tax) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | **Main Stage** - wooden raised Stage (Approx 50ft x 30ft) with 4 feet height, measuring from ground to stage floor. Stage needs to accommodate and bear the weight of 50 persons (5000 Kilograms) Sides need to covered with cotton wall material (Shamiyana) with fire proof coating and decoration.<br>With 25 to 30 name plates of VVIP, with 20-30 copper water bottles of 500ml<br>Entire stage must be carpeted properly with brand new carpet (red)<br>Provision of preparation of D/Barricading around the main stage<br>Fan/cooler is required for cooling. | **1500sqft** | | |
| 2 | **Water Proofing of main stage** (Approx 50ft x 30ft) | 1500 sqft | | |
| 3 | Separate stage of (8X40 feet) in front of main stage for Yoga performance, raised 2.5feet above ground with stairs with cotton cloth cover side and decoration. Stage can be single or in part as per requirements. | **320sqft** | | |
| 4 | LED back drop on back side of stage covering with 100 % coverage Size 8x50 feet<br>and front side last end of the pavilion a flexy back drop Size 8x50 feet | **400sqft** | | |
| 5 | VVIP waiting room of size 20x20 feet with washrooms. | 01 | | |
| 6 | 2 seater sofa sets for VVIP waiting room with white cotton covers and center tables (sofa table), with ac | 16 | | |
| 7 | Safe house of size 10x15feet in white pagoda with washroom | 01 | | |
| 8 | Single seater sofa set for VVIP in safe house with white cotton covers and center tables (sofa table), with ac | 04 | | |
| 9 | VIP Yoga mats for Main stage, minimum size- 6x2.5 feet, minimum weight 950gm. Minimum thickness-8mm, must be of same colour, must be heavy enough or placed on the stage to withstand strong wind | 50 | | |
| 10 | Podium- shall be of standard height in wooden platform with IDY 2026 Branding and flower decoration. | 02 | | |
| 11 | Lamp lightening arrangements with a lamp of minimum 4feet height | 01 | | |
| 12 | Stairs should be used on both the sides for approaching the stage. Wooden planks mounted on wooden pillars to be used for this purpose. At least 6 steps (8 inch height and 1 feet footing) shall be used. | 02 | | |
| 13 | Entry gate- a 3d entry gate with flex printing and decoration size- 10x15 feet | 01 | | |
| 14 | Water: 250 ml. water cooled bottles of reputed company. | 6000 | | |
| 15 | Arrangements of bouquets | 30 | | |
| 16 | Selfie points 8 X 6 feet size (design will be approved by the | 04 | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | department) | | | |
| 17 | Digital standee displaying yoga break app and namaste yoga app advertisement | 02 | | |
| **Electronics and electrical** | | | | |
| 18 | Public Address (PA) system: Best Quality public address system shall be provided to take care of audience of 2000-3000 in the premises. For this, speakers are to be used. At least 5 wired mikes/microphones and 5 wireless microphones and 10 large speakers are to be installed. | 01 | | |
| 19 | DG set:- For additional and reliable source of power supply; 62-125 KVA portable DG set with fuel oil etc as required shall be provided with all accessories, wiring, control, earthing, safety precaution etc. | 01 | | |
| 20 | Outdoor Digital LED (8 x 12 feet approx.) installed at 4ft above ground level with structure. | 06 | | |
| 21 | Arrangement of videography and photography of event on 21 June 2026 with drone shots.<br>Service provider will provide photograph and raw footage within half an hour after completion of event in digital format. And will provide edited video within 3 days. Service provider will also provide 5 photo albums in coffee table book format within 15 days. | 01 | | |
| 22 | General Lighting of Venue | 01 | | |
| 23 | Power supply with cabling from gensets up to LED wall, and other areas required | 01 | | |
| 24 | Camera Raisers | 02 | | |
| 25 | Live streaming of the event on all departmental social media handles with help of require software and hardware. Streaming must be of minimum full HD quality. Internet will be arranged by service provider only. | 01 | | |
| **Pavilion** | | | | |
| 26 | Cleaning and Carpeting of entire venue for proper siting of participants. Carpet must be new.<br>Service provider must ensure that all pebbles/ stone etc are removed from the ground and the ground is levelled enough to perform yoga without discomfort. Fan/cooler is required for cooling.<br>Area must have separate section for different section with signage. Whole area must be barricaded properly with multiple entry/exit points as per requirements. Approximate coverage 200 X 150 Sq. Ft. (may be changed as per requirement) | 30000sqft | | |
| **Miscellaneous** | | | | |
| 27 | Light refreshment packets for participants (Fruit Juice, Biscuits, Fruit, chocolate) | 2000 | | |
| 28 | Hoardings (10 x8 feet) at the venue | 06 | | |
| 29 | Hoarding (8 x 6 feet) near by venue | 30 | | |
| 30 | Invitation cards with parking stickers and entry pass. | 1000 | | |
| 31 | Badges for organizers/ushers/security | 100 | | |
| 32 | Signages (2mtr. x 1mtr.) wherever necessary. | 50 | | |
| 33 | Mobile Toilets with proper water availability | 04 | | |
| 34 | Dustbin (100 ltrs.) | 20 | | |
| 35 | Cleaning Arrangement of the Area after the event. | 01 | | |
| 36 | Medical assistance Booth 8 x 6 feet | 01 | | |

RAVINDRA PRATAP SINGH

Digitally signed by RAVINDRA PRATAP SINGH
Date: 2026.04.28 15:05:00 +05'30'

( डॉ0 आर0 पी0 सिंह )
संयुक्त निदेशक,
आयुर्वेदिक एवं यूनानी सेवायें, उत्तराखण्ड,
देहरादून।